राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1234 / 2022 दिनांकः 24 सितम्बर, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः परीक्षा शुल्क के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र सं0 आर0एम0पी0यू0 / 886 / 2022, दिनांकः 28 जुलाई, 2022, अनुस्मारक सं0–आर0एम0पी0यू0 / 935 / 2022, दिनांकः 04 अगस्त, 2022, आर0एम0पी0यू0 / 963 / 2022 दिनांकः 08 अगस्त, 2022, आर0एम0पी0यू0 / 1025 / 2022, दिनांकः 20 अगस्त, 2022 एवं आर0एम0पी0यू0 / 1217 / 2022, दिनांकः 21 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें उल्लेख किया गया था कि परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा करना सुनिश्चित करें।

B.D.H.S. महाविद्यालय एवं 34 अन्य महाविद्यायलों द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में परीक्षा शुल्क को लेकर एक रिट– C नं0 21950 / 2022 योजित की गयी थी विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्य को न्यायालय द्वारा सही मानते हुए महाविद्यालयों की याचिका को न्यायालय ने Dismiss कर दिया है।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उक्त के अनुपालन में पुनः अन्तिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि लम्बित परीक्षा शुल्क दिनांकः 30.09.2022 तक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कालेज लागिन के माध्यम से आनलाइन मोड में जमा करना सुनिश्चित करें तथा उसकी हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में दिनांकः 03 अक्टूबर, 2022 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने पर उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना विश्वविद्यालय की बाध्यता होगी। परीक्षा शुल्क जमा न होने पर छात्र / छात्राओं का परीक्षाफल घोषित न होने का समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

24/9/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़ परिक्षेत्र।
3. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट के विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

सहा0 कुलसचिव